सांवरिया मुझको देना बस इतना वरदान

सांवरिया मुझको देना बस इतना वरदान
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

खो जाऊं जब पंच-तत्व में,हो वृन्दावन धाम
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

बिन मांगे सब कुछ देकर दया दिखाई है कान्हा
पल पल साथ मेरा देकर लाज बचाई है कान्हा
एक नहीं लाखो मुझपर है तेरा एहसान
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

नाम तुम्हारा ले लेकर हुआ मुझे एहसास यही
खुश रहता है भगत तेरा,रहता कभी उदास नहीं
नाम तुम्हारा कर देता हर मुश्किल आसान
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

जिस दिन निकले प्राण मेरा,सामने हो तस्वीर तेरी
मुख पर तेरा नाम हो,लिख ऐसी तक़दीर मेरी
बनवारी इस सेवक का कर इतना सा काम
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

खो जाऊं जब पंच-तत्व में,हो वृन्दावन धाम
अंत समय मेरी जुबां से निकले तेरा नाम
जय जय श्याम,जय जय श्याम,
जय जय श्याम,जय जय श्याम

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1126/title/sawariya-mujhko-dena-bas-itna-vardaan-with-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |